# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 206 / 07 / प्रशा0 / MSU / 2024–25 दिनांक : 09.05.24

सेवा में,

01. प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषय : रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से सेवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी, सहारनपुर के पत्र दिनांक : 25 अप्रैल, 2024 एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजना, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–144 / रोजगार संगम / पोर्टल / 2021, दिनांक : 15 मार्च, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्यों के दृष्टिगत श्रम एवं सेवायोजना विभाग द्वारा एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in का विकास कराया गया है। बेरोजगारों के हितार्थ एकीकृत पोर्टल पर कैम्पस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, विदेशों में रोजगार, ऑनलाइन काउसिलिंग एवं लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था विकसित की गयी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्यों के दृष्टिगत श्रम एवं सेवायोजना विभाग द्वारा एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. जिलाधिकारी, सहारनपुर।
02. निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजना, उ0प्र0, लखनऊ।
03. सहायक निदेशक (सेवायोजना), सहारनपुर।
04. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

उपकुलसचिव

कार्यालय, जिलाधिकारी, सहारनपुर।

पत्रांक /रोजगार संगम/पोर्टल/सेवायोजन/2024/ दिनांक: 25 अप्रैल, 2024

सेवा में,

1. समस्त प्राचार्य, सरकारी/निजी संस्थान, आई0टी0आई0, पॉलिटेक्निक, इन्जीनियरिंग/मैनेजमेन्ट इन्स्टीट्यूट, सहारनपुर।
2. समस्त प्राचार्य, स्नातक/स्नातकोत्तर, महाविद्यालय, सहारनपुर।
3. समस्त निजी नियोक्ता, सहारनपुर।

विषय: रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से सेवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में।

महोदय,

निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या: 144/रोजगार संगम/पोर्टल/ 2021 दिनांक: 15 मार्च, 2024 का अवलोकन करें जिसके द्वारा वर्तमान परिवेश की आवश्यकताओं के फलस्वरूप युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्यों के दृष्टिगत श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in का विकास कराया गया है। बेरोजगारो के हितार्थ एकीकृत पोर्टल पर कैम्पस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, विदेशों में रोजगार, ऑनलाइन काउंसिलिंग एवं लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था विकसित की गयी है:-

1. जनपद के समस्त सरकारी/निजी संस्थानों यथा आई0टी0आई0, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग/ मैनेजमेंट इन्स्टीट्यूट, फार्मा इन्स्टीट्यूट, स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों आदि द्वारा एकीकृत पोर्टल पर संस्थानों का पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है।
2. संस्थानो के पंजीकरण के साथ ही उनकी प्लेसमेंट सेल द्वारा संस्थान में अध्ययनरत अन्तिम वर्ष के छात्रों का पंजीकरण कराया जाना भी आवश्यक है। छात्रों द्वारा स्वयं ही अपना पंजीकरण एकीकृत पोर्टल पर किया जायेगा। छात्रों के पंजीकरण के पश्चात संबंधित संस्थान उन छात्रों के विवरण (सी0वी0 सहित) की पुष्टि के पश्चात पंजीकरण प्रकिया पूर्ण करेंगे।
3. संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी एवं सेवायोजन कार्यालय के समन्वय से कैम्पस प्लेसमेंट कराने की कार्यवाही की जायेगी। इस प्रकार पोर्टल के माध्यम से नियोजकों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कैम्पस इंटरव्यू करने की व्यवस्था विकसित है।
4. वर्तमान मे सी0एन0वी0 एक्ट--1959 के अंतर्गत सेवायोजन कार्यालयों में नियोजक पंजिका में अभिज्ञानित 25 से अधिक कार्यरत कार्मिकों वाले निजी क्षेत्र के संस्थानों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाना है। पंजीकरण से पूर्व इन संस्थानों का भौतिक सत्यापन भी किया जायेगा। जनपद के जो नियोजक सेवायोजन कार्यालय की नियोजक पंजिका में अभिज्ञानित नही है उनके द्वारा अधिनियम के अनुपालन के दृष्टिगत सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण की कार्यवाही की जानी है, इसके अतिरिक्त जनपद के बड़े एवं प्रतिष्ठित संस्थानों के पंजीकरण की कार्यवाही भी की जानी है।
5. एकीकृत पोर्टल पर अभ्यर्थियों कैरियर मार्गदर्शन हेतु ऑनलाइन काउंसिलिंग एवं लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था विकसित है। पोर्टल पर पंजीकृत कैरियर संबंधी विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के माध्यम से अभ्यर्थियों हेतु काउंसिलिंग की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही 'विशेषज्ञों से प्रश्न पूछें' की व्यवस्था के अन्तर्गत अभ्यर्थियों द्वारा अपनी रूचि के कैरियर व कंपनियों मे भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन सलाह ली जा सकती है। अतः इस हेतु विभिन्न कैरियर विषय विशेषज्ञों का पोर्टल पर पंजीकरण की कार्यवाही की जानी है।
6. एकीकृत पोर्टल पर विकसित लर्निंग मैनेजमेन्ट सिस्टम की व्यवस्था के अंतर्गत छात्रों द्वारा भी अपनी रूचि/जिज्ञासा के अनुरूप पोर्टल पर उपलब्ध कैरियर मार्गदर्शन संबंधी विडियोज के माध्यम से कैरियर विषय का चयन कर मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकेगा।

अतः रोजगार आयोग के आदेशों के कम में उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(डॉ0 दिनेश चन्द्र)
जिलाधिकारी, सहारनपुर।

पत्रांक: /रोजगार संगम/पोर्टल/सेवायोजन/2024/ तद्दिनांकित

प्रतिलिपि:- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आदेश पालन हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
3. सहायक निदेशक (सेवायोजन), सहारनपुर।

29/04/2024

(डॉ0 दिनेश चन्द्र)
जिलाधिकारी, सहारनपुर।